तापमान

अधिकतम 42.0 डिग्री

न्यूनतम 37.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



02 नये बस स्टैंड का होगा जीर्णोद्धार और बनाया ...





04 पहलगाम हमले का विरोध, भाजपा ने निकाली...




## खबर संक्षेप

### ड्रायविंग लायसेंस बनवाने शिविर आज और कल

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत आम नागरिकों द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग का त्वरित निराकरण के लिए परिवहन सुविधा केन्द्र में 26 व 27 अप्रैल को प्रातः 9 बजे संबंधित ग्राम पंचायत में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर लगाया जायेगा। जानकारी अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला विकासखंड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं ग्राम पंचायत कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं ग्राम पंचायत चण्डी में परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर लगाया जायेगा।

### मोहरा में संगीतमय रामायण कल

हिरमी-रावन। ग्राम मोहरा में नवनिर्वाचित सरपंच तारणी जवाहर वर्मा के सौजन्य से 27 अप्रैल को धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को उपस्थित होने की अपील की है। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति के रूप में तीन प्रमुख रामायण मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कौशल्या के राम मानस परिवार, महासमुंद, सुर संजना महिला मानस परिवार, धमतरी , तुलसी के पूजा बालिका मानस, धमतरी इन मंडलियों ने अपने सुर, ताल और भक्ति भावना से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर कर देंगे।

### सोलर पंप, वायर और पाइप की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम जलकी के गोठान में लगे सोलर मोटर पंप, वायर एवं पाइप की चोरी होने के मामले में तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सरपंच सविता रामाधार दीवान ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि बीते साल 15 दिसंबर को करीब 30 हजार के सामान चोरी हुई थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पैरावट में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पिता-पुत्र ने कर दी मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम घांसीनगर में पैरावट में आग लगाने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति के साथ पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने मे आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घांसीनगर निवासी धनसाय कोसरिया 21 अप्रैल को अपने खेत से घर जा रहा था, पक्की रोड के पास पहुंचने पर देखा कि धनीराम साहू के खुले स्थान में रखे पैरावट में आग लगी हुई थी, जब उसने धनीराम साहू की पत्नी जो अपने घर के सामने रोड में खड़ी थी से पैरावट में आग लगने का कारण पूछा तो महिला ने अपने पति धनीराम साहू को बुलाया। तब आरोपी धनीराम साहू लोहे का रॉड लेकर गाली गलौज करते हुए तुम मेरे पैरावट में आग लगाये हो कहते हुए मारपीट करने लगा, तभी आरोपी का पुत्र माधव राम साहू भी डंडा लेकर आया और मारपीट करने लगा।

### काउंसिलिंग के दौरान पति-पत्नी में मारपीट

**रायपुर**। पारिवारिक विवाद सुलझाने आए दो पक्षों ने कोतवाली थाने में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, महिला थाना के पास पारिवारिक सुलझाने आई रचना देवांगन ने अपने पति डोगेंद्र तथा विजय देवांगन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

# वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार की प्राथमिकता : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्व. सोनचंद वर्मा फाउंडेशन के तत्वावधान में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन जिला ऑडीटोरियम में आयोजित किया गया। इस आयोजन में नगर के वरिष्टजनों ने संगोष्ठी में हिस्सा लेकर एक देश एक चुनाव पर अपने विचार प्रकट किये। सर्वप्रथम स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा ने वहां मौजुद सभी वरिष्ठजनों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक हैं। हॉलाकि कुछ राजनीतिक पार्टीयां इसका विरोध भी कर रही हैं। वन नेशन वन इलेक्शन का आशय यह है कि एक समय में पूरे देश भर में एक साथ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव सम्पन्न करवाये जायें।

बता दें कि अभी तक देशभर में दोनों ही चुनाव अलग-अलग समय पर कराये जाते हैं, लेकिन अब मोदी सरकार इसे एक ही समय पर करवाने के लिए प्रयास कर रही है। इस अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मौजूद भाजपा के वरिष्ट नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोंविद की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी गयी थी। इसमें आठ सदस्य थे, कमेटी का गठन दो सितम्बर 2023 को किया गया ▶▶ शेष पेज 2 पर

### स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन



#### सुशासन और विकास को मिलेगी नई दिशा

डॉ. केके साहू ने कहा कि एक देश एक चुनाव हो जाने से केवल चुनाव खर्च और आचार संहिता तक सीमित विषय नहीं, बल्कि यह देश राजनीतिक स्थिरता सुशासन और विकास को नई दिशा देने का माध्यम है। इस संगोष्ठी में जिले सहित पूरे विधानसभा से आये प्रबुद्धजनों में कार्यक्रम के संयोजन डॉ. अजय राव, सहसंयोजक टेसुलाल धुरंधर, विजय केसरवानी, सदस्य राकेश तिवारी, सुनिल यदु राजनीतिक दल के प्रतिनीधि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा जायसवाल, तिल्दा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, इंदु जांगडे, शिवशंकर अग्रवाल, डोमन वर्मा, रामाधार पटेल, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ▶▶ शेष पेज 2 पर

# नगर पालिका में 2082.25 लाख व्यय का बजट पेश

**स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत अधोसंरचना और पारदर्शी प्रशासन को दी गई प्राथमिकता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा में आयोजित विशेष सभा में नगर हित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय लेखा (बजट) को स्वीकृति प्रदान की गई।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान तथा लेखापाल संतोष कुमार साहू की उपस्थिति में प्रस्तुत बजट में 2336.98 लाख की अनुमानित आय, 2082.25 लाख का अनुमानित व्यय और 254.73 लाख की संभावित बचत का प्रावधान किया गया। यह बजट नगर के सतत विकास और जनहितकारी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

इस विषय के प्रस्तावक गोविन्द पटेल रहे, जिसका समर्थन भुवन सिंह ठाकुर ने किया।इस विशेष सभा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि नगर पालिका परिषद भाटापारा के सभी निर्णय जनहित को सर्वोपरि रखते हुए, पारदर्शिता और विकास के मूल्यों पर आधारित हों।



#### बजट प्रस्तुति के अवसर पर अध्यक्ष ने कहा

नगर की जनता को बेहतर सुविधाएं, स्वच्छ पर्यावरण, मजबूत अधोसंरचना और पारदर्शी प्रशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बजट इन्हीं लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। जनभागीदारी से हम भाटापारा को विकास के नए पथ पर अग्रसर करेंगे। नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।"

#### बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय

- नगर के समग्र विकास एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।
- इस विषय के प्रस्तावक मनीष मिश्रा रहे, जिसका समर्थन सतीश तलरेजा ने किया।
- वन नेशन, वन इलेक्शन जैसे दूरदर्शी विचार पर भी चर्चा की गई, जिसे लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। इस विषय के प्रस्तावक दिलीप छाबड़िया रहे, जिसका समर्थन नंदू वैष्णव ने किया।
- नगर पालिका की दुकानों के आबंटन एवं किराया निर्धारण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और संतुलित बनाने हेतु सुझाव दिए गए, जिससे स्थानीय व्यापारियों को न्यायसंगत लाभ प्राप्त हो सके।
- इस विषय के प्रस्तावक सतीश तलरेजा रहे, जिसका समर्थन सतीश साहू ने किया।
- जाति प्रमाण-पत्र से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल एवं सहज बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि नागरिकों को अनावश्यक दिक्कतों से मुक्ति मिल सके।

# किसानों को अंधेरों में रख उद्योग धंधों को बिजली दे रही राज्य सरकार : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश सरकार किसानों को न तो पानी दे पा रही है और न ही बिजली दे पा रही है। सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को खुश करने में लगी हुई है। उक्त बातें विधायक इन्द्र साव ने व्यक्त की।



■ विधायक ने कहा - सरप्लस वाले राज्य में है बिजली का बुरा हाल

विधायक इन्द्र साव ने राज्य सरकार को जन विरोधी, किसान विरोधी सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप हुआ है, वहीं किसान अपने खेतों में पानी के लिए व्याकुल है। कही पानी की गुंजाइश दिखती भी है तो बिजली वाले विद्युत कटौती कर उसे पूरा कर रहे हैं। क्षेत्र क्या पूरे प्रदेश में अंधाधुन बिजली कटौती से प्रदेश का प्रत्येक वर्ग परेशान है और ये राज्य सरकार सिर्फ उद्योगपतियों को बिजली देने पर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। विधायक साव ने कहा कि पूर्व की भूपेश सरकार के समय बिजली के रेट भी घरेलू और व्यवसाय दोनों में कम थे, लेकिन इस सरकार ने पूर्व सरकार की तरह बिजली बिल हाफ तो कर रखा है, लेकिन उपभोक्ता की जेब ढीली कर बिजली बिल के रेट में भी वृद्धि कर दी है, जिससे लोगों का बजट भी गड़बड़ा गया है।

राज्य सरकार उसके बाद भी नियमित रूप से किसानों, छोटे व्यापारियों और घरेलू लोगों को बिजली उपलब्ध नहीं करा पा रही है। आज सरप्लस वाले इस राज्य में बिजली का इतना बुरा हाल है, जब कभी भी, बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली कटौती का खुला खेल सरकार खेल रही है। बिजली कटौती के चलते पीने के पानी सहित निस्तार के पानी के लिए भी त्राहि त्राहि मची हुई है, जो सरकार की करनी और कथनी को उजागर करता है।

# प्रत्येक 70 प्लस बुजुर्गों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ गांवों में आयुष्मान कार्ड बनाने स्वास्थ्य कर्मी घर-घर पहुंच रहे

क्षेत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस अभियान में आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी सक्रिय रूप से शामिल हैं।



#### आयुष्मान भारत योजना

भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान भारत योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान करना है। हाल ही में इस योजना का दायरा बढ़ाते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसमें शामिल कर लिया गया है, भले ही उनकी आय कुछ भी हो। ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का होगा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**बलौदाबाजार**। छतीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के फेफड़े, बहरापन, आंख संबंधी समस्याओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के माध्यम से कराये जाने का निर्णय लिया गया हैं। जिले में ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्हें फेफड़े, बहरापन, आंख संबंधी समस्याएं हैं वे कार्यालय श्रम पदाधिकारी संयुक्त कार्यालय कलेक्टर परिसर कक्ष क्रमांक-117, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में उपस्थित होकर अपनी जानकारी दर्ज करा सकते हैं। जानकारी के आधार पर श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा।



# पेयजल समस्या, बंद हैंडपंप की मरम्मत, सरपंच ने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

भीषण गर्मी के कारण गांव मुसवाडीह में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि के चलते जलस्त्रोतों पर अत्यधिक दबाव बन गया है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों के लिए पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्राम पंचायत मुसवाडीह की सरपंच अंजलि पवन सारथी ने पहल करते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के हैंडपंप की मरम्मत का कार्य आरंभ करवाया। सरपंच अंजलि सारथी के नेतृत्व में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने मिलकर बंद पड़े हैंडपंप की मरम्मत शुरू की।



#### गांव में नहीं होगी पानी की समस्या : सरपंच

सरपंच अंजलि पवन सारथी ने कहा कि जल संकट से निपटना उनकी प्राथमिकता है और गांव में कहीं भी पानी की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। जल्द ही अन्य जल स्रोतों की भी समीक्षा कर उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। इस पहल से न केवल पानी की समस्या से राहत मिलेगी बल्कि ग्रामीणों में आत्मनिर्भरता और सामूहिक कार्य संस्कृति का भी विकास होगा।

ग्रामीणों की मानें तो यह हैंडपंप लंबे समय से खराब था और इसकी मरम्मत की जरूरत महसूस की जा रही थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। सरपंच के सक्रिय प्रयासों ▶▶ शेष पेज 2 पर

**नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश**

# पंचायतों में पेयजल और निस्तारी की होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में नियुक्त जल संसाधन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक ली।

उन्होंने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कलस्टर पंचायत एवं क्लस्टर अंतर्गत पंचायतों में पेयजल एवं निस्तारी में कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। कलस्टर ग्राम पंचायतों का प्रतिदिन दौरा कर निर्धारित कार्य सम्पादित करें और हर दो दिन में तय प्रारूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने कहा कि जल संसाधन विभाग जल संरचनाओं में गेट मरम्मत का लक्ष्य, तालाब जलाशय का भराव, नहर लाइनिंग मरम्मत कार्य एवं ग्रामीणों के साथ नहर का निरीक्षण करें। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण के लिए आवश्यक संरचना निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल का चिन्हांकन करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जल जीवन मिशन सहित, हैंड पंप, सिंगल फेज पंप, निजी नलकूप, स्कूल के बोर एवं टैंकर की व्यवस्था से पेयजल की समस्या दूर करें। कलेक्टर ने कहा कि जल संचयन को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा मोर गांव, मोर पानी महाभियान का शुभारम्भ किया गया है। जिले में चल रहे जल संचयन महाभियान को भी उक्त अभियान में समाहित करते हुए कार्य करना है। नल कूपों के पास सोखता गड्ढा निर्माण के साथ ही पक्के घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने लोगों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान सम्पर्क केंद्र में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### ग्रामीणों ने जल संचयन की ली शपथ

बलौदाबाजार। जल संचयन महाअभियान के तहत शुक्रवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में जल संचयन वाहिनी एवं स्वच्छता दीदियों द्वारा जल संरक्षण शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जल संचयन वाहिनी एवं स्वच्छता दीदियों सहित ग्रामवासियों ने जल संचयन की शपथ ली। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जल के सदुपयोग और जल संचयन के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही अधिकारी, कर्मचारी, स्व सहायता समूह एवं आमजनों की सहभागिता से विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। समूह की महिलाओं को जल संचयन वाहिनी की जिम्मेदारी दी गई है जो दीवाल लेखन, रैली, संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामवासियों को महाभियान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।




पाठक सूचना

बलौदाबाजार एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : दलजीत सिंह चांवला बलौदाबाजार

अनमोल सेल्स न्यूज एजेंसी

पता : चांवला काम्प्लेक्स, अंबेडकर चौक, मेन रोड बलौदाबाजार

मो. 9926204007

## खबर संक्षेप

### एक्सीडेंट में बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** सड़क किनारे खड़े वाहन के पीछे टकराने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक लोकेश साहू पिता स्व अमृत साहू (20 वर्ष) निवासी हरदा नवागांव थाना बसना जिला महासमुंद की मर्ग जांच की गई। जांच के दौरान सूचक ने बताया कि 24 अप्रैल की दोपहर करीब 12.30 बजे मृतक लोकेश साहू अपने साथी अनुज दास उर्फ अज्जू दास के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीई 3624 से सरायपाली की ओर से वापस अपने घर जा रहा था, सागरपाली पहुंचने पर वह सड़र किनारे लापरवाहीपूर्वक खड़े वाहन वाहन टाटा 407 क्रमांक सीजी 11 एबी 2994 के पीछे टकरा गया, जिससे लोकेश के चेहरे में चोट लगा और उसे इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया। जहां डॉक्टर ने लोकेश साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस घटना में बाइक के पीछे बैठे अनुज दास उर्फ अज्जू दास के हाथ एवं शरीर के अन्य भागों में चोट आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### शासकीय कार्य में बाधा आरक्षक के साथ मारपीट, वर्दी फाड़ी

**महासमुंद।** मारपीट, विवाद की सूचना पर ग्राम गुठानीपाली गए डायल 112 में पदस्थ आरक्षक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और वर्दी फाड़े जाने संबंधी शिकायत पर थाना सिंघोड़ा में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सिंघोड़ा पुलिस को प्रार्थी आरक्षक क्रमांक 874 विजय कुमार मज्जी पिता सुक्कुराम मज्जी (27 साल) ने आरोपी सुभाष तांडी निवासी गुठानीपाली के द्वारा 112 इवेंट के दौरान लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट करने के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने अपने आवेदन में बताया कि 24 अप्रैल की रात करीबन 08:20 बजे सी 04 रायपुर से सूचना मिली कि ग्राम गुठानीपाली मे अभय साहू के साथ गांव का सुभाष तांडी शराब पीकर गाली गलौज कर रहा है। सूचना पर सिंघोड़ा लायन 01-112 से ग्राम गुठानीपाली चालक कुलेश्वर साव के साथ वह गया था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया गांव में जाकर सूचक अभय साहू को पूछताछ कर आरोपी सुभाष तांडी को आवश्यक समझाइश दिया जा रहा था।

# जिले में मनाया मलेरिया दिवस, साफ-सफाई और बचाव का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आमजन को मलेरिया रोग के प्रति रैली, परिचर्चा के माध्यम से जागरूक करते हुए रोग से बचाव का संदेश दिया गया।

विकासखंड कसडोल में मलेरिया केस की अधिकता को देखते हुए जिला तथा ब्लॉक कार्यालय के समन्वय से वनांचल ग्राम बलदाकछार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, बीपी, शुगर, सिकलिन, एचबी तथा नेत्र जांच की गई तथा आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए।राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में वर्ष 2024 में कुल 219 मलेरिया के प्रकरण मिले हैं, जिसमें कसडोल में 189, बलौदा बाजार में 14, पलारी में 11, भाटापारा में 5 तथा सिमगा में शून्य केस दर्ज किए गए। विकासखण्ड कसडोल के वनांचल क्षेत्र मलेरिया के लिए ज्यादा संवेदनशील है। जिले का कुल वार्षिक परजीवी सूचकांक 0.15 है। कसडोल का कुल वार्षिक परजीवी सूचकांक 0.67 है।

## मलेरिया, टीबी, कुष्ठ, बीपी, शुगर, सिकलिन, एचबी तथा नेत्रों की जांच की गई




### साफ–सफाई रखने और मच्छरदानी लगाने की अपील

इसके साथ ही समुदाय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रैली के माध्यम से मितानिनों द्वारा ग्रामीणों को रोग के सम्बंध में बताते हुए आसपास साफ–सफाई रखने, मच्छरदानी लगाने की अपील की गई। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाए–पुनः निवेश करें, पुनः कल्पना करें, पुनः प्रज्वलित करें है। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. रवि शंकर अजगल्ले, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज मिश्रा, सरोजिनी साहू, एमएलटी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, मितानिन प्रशिक्षिका सहित मितानिन उपस्थित थीं।

## विकास : शहर में विकास कार्यों के लिए 67.49 लाख की मिली मंजूरी

# नये बस स्टैंड का होगा जीर्णोद्धार और बनाया जाएगा यात्री प्रतीक्षालय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



नगर पालिका क्षेत्र के भीड़ भाड़ वाले स्थान पर जन सामान्य को सभी प्रकार की सुविधा मिल सके, इसके लिए स्थानीय नया बस स्टैंड के जीर्णोद्धार हेतु अधो संरचना मद अंतर्गत कार्य कराए जाने भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन और भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले सहित पार्षद गणों द्वारा श्रीफल तोड़कर कार्य आरंभ किये जाने पूजा अर्चना की। नया बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय का रंग रोगन जीर्णोद्धार मैदान क्षेत्र का क्रांकीटीकरण व शौचालय निर्माण सहित जन सामान्य को मूलभूत सेवाएं प्राप्त हो सके इसके लिए शासन द्वारा 67.49 लाख की लागत से कार्य कराए जाने का प्रस्ताव शासन द्वारा स्वीकृत कर राशि उपलब्ध कराई गई है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नया बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने का निर्देश देते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जाने निर्देशित किया गया। वार्ड 21 स्थित नया बस स्टैंड अधोसंरचना मद से नया बस स्टैंड के भूमिपूजन जीर्णोद्धार कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद अमितेश नेताम, मनीष वर्मा, हरजीत सिंह सलूजा, लोकेश चेलक, सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना, मनोज कांत पुरेना, आदित्य गुप्ता, सलमान शेख, कन्हैया सेन, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविंद्र नामदेव, रवि फेकर जन प्रतिनिधि गण नीलम सोनी, योगेश अग्रवाल, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, हरिश्चंद्र वर्मा, कल्लू सेन, राज किशोर मिश्रा, भारत भूषण (राखी) यादव, रवि साहू, मयूर जैन, शालीन शर्मा, नगरपालिका के उप अभियंता विनोद यादव, राजस्व प्रभारी प्रसून शर्मा, जय वर्मा (समयपाल), गुरुदत्त तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण नागरिकगण भूमि पूजन में शामिल हुए।

# सीखना सिखाना शिविर में बच्चों ने बनाई कलाकृतियां



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी

ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला बिनौरी में दस दिवसीय सीखना सिखाना केंद्र ज्ञानदीप का शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ। इस दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई की मुख्य धारा में जुड़े रहने के लिये बच्चों को प्रेरित किया। इस कौशल विकास में हर रोज बच्चों को नये नये रचानात्मक गतिविधियों में फुल, पत्तियों, कंकड़ पत्थर, विविध आकृतियों का निमार्ण करना, हस्तपुस्तिका निमार्ण, चित्रकारी, पेटिंग, डाइंग शीट अनेक आकृति, विविध जानवरों के मुखौटे बनाना, गिफ्ट, सुंदर रंगोली निमार्ण, अनेक पेड़ों के बीजो से सुंदर–सुंदर आकृति बनाना, खेलकूद, गीत कविता, कहानियां बोल पाना, जनऊला, मिट्टी से अनेक खिलौने और आकृति बनाना इत्यादि क्षेत्रों में कार्य करने में बच्चों में विभिन्न दक्षताओ व कौशलों के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन को सफल बनाने व प्रेरणास्त्रोत अजीम प्रेम फाउंडेशन का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने बच्चों के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की। इस कार्यक्रम की समापन में जितेन्द्र साहू, टेनिशा साहू, नंदनी टिकरिहा, रामेश्वरी जलहरे, परमेश्वरी फेकर, थानसेन कुर्रे, मीना साय, रानू, हेमा, शाला विकास समिति और बच्चों के पालकगण, ग्रामवासियों उपस्थित थे।

# समर कैंप में बच्चों का हुआ बौद्धिक विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बगबुड़ा



शासकीय प्राथमिक कानाकोट संकुल धमनी विकासखंड पलारी में 7 से 23 अप्रैल तक समर कैंप आयोजित किया गया। शाला प्रधानपाठक भूमिता कुर्रे के नेतृत्व और शाला के शिक्षकों सुनीता साहू संध्या पैकरा, मनीराम पैकरा, कान्हा साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन पलारी के सौगता राय के सहयोग से बच्चों के लिए समर कैंप आयोजि किया गया, जिसमें सर्कल टाइम में हिंदी विषय पर आधारित कविता गीत के माध्यम से मौखिक बातचीत, कविता वाचन, प्रश्नोत्तरी, कहानी लेखन, चुटकुले, चित्रकला, मौखिक गणित, संख्या पहचान, जोड़ घटाव, स्थानीय मान की अवधारणाओं पर मजेदार गतिविधि के साथ सीखना सिखाना, केंद्र बचपन में बच्चों के साथ कार्य किया गया। अंग्रेजी में पोयम गीत नृत्य आदि खेल खेल में सिखाया गया। प्रतिदिवस समर कैंप में बच्चों के लिए रचनात्मक गतिविधि के रूप में मास्क बनाना, दोना पत्तल निर्माण, बांस शिल्प पेपरकार्फ्ट बैग, मिट्टी के खिलौने बनाना, फोटो फ्रेमिंग करना, मेंहदी लगाना, नृत्य कला, नाटक प्रस्तुति जैसे अन्य बहुत से रचनात्मक गतिविधियों पर शाला के शिक्षकों और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शन में बारह दिवसीय समर कैंप में कार्य किया गया। इसका समापन गुरुवार को सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, पंच शाला समिति अध्यक्ष उमा पैकरा अन्य पालकों, माताओं की उपस्थिति में क्राफ्ट प्रदर्शनी लगाकर पालकों को अवलोकन करवाया गया। समापन अवसर पर बच्चों द्वारा नृत्य, कहानी वाचन कर अपनी प्रस्तुति पालकों के समक्ष दी गई। सभी पालकों और अतिथियों ने शिक्षकों, बच्चों के कार्यों की प्रशंसा की।

**सिंधु संस्कार महिला विंग का 30 को शरबत वितरणः** रायपुर। सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने 30 अप्रैल को अखंड तीज के दिन कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम धर्मशाला के सामने शरबत वितरण का आयोजन किया है। संस्था के सभी सदस्यों को इसमें सहयोग करने के साथ जिम्मेदारी भी दी गई है।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागी होंगे जिले के 132 व्याख्याता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षकों के कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय और चतुर्थ चरण में चयनित पीएमश्री विद्यालयों 132 व्याख्याताओं की टीम आशीष गौतम समन्वयक रायपुर छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 25 अप्रैल को पुणे के लिए रवाना हुईं। सभी व्याख्याता पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागिता देंगे।

यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना, रायपुर द्वारा आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में विज्ञान के विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा व क्रियाकलाप संपादित होंगे।

प्रशिक्षण में भाग लेने वाले व्याख्याताओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। पीएमश्री भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा की प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता शाहिना परवीन, रजनी त्रिपाठी, योगेन्द्र त्रिपाठी, अमर बर्मन ने इस कार्यशाला के लिये चयनित समस्त व्याख्याता को बधाई दी।

प्रशिक्षण के लिए रवाना होने वाले व्याख्याताओं में रायपुर जिले से सोमा बनिक खोरपा, डॉ. देवयानी बघेल पीएम रायपुर, मिनीपाल सरागांव, नजीम कुरैशी नेवरा-तिल्दा, नाजिमा अजाज अभनपुर, ज्योतिबाला साहू गोबरा नवापारा, गोमेंद्र ठाकुर बिरगांव, रीतारानी वर्मा खरोरा, प्राची शर्मा चंद्रखुरी, इंदु साहू कुंरा धरसींवा, प्रतीक यादव माना कैंप, गौरव वर्मा अरुनधतिदेवी आरंग, महासमुंद जिला से अश्वनी धीवर तुमगांव, लखविंदर छाबड़ा बागबाहरा, लखपति पटेल पिथौरा, योगेश प्रधान बसना, बलौदाबाजार जिला से प्रीति पटेल भाटापारा, हिमानी पाहरे बलौदाबाजार, रामकरण वर्मा बलौदाबाजार, पलाश रामटेके सिमगा, मिथलेश राजपूत सुहेला, स्वीटी कसेर कसडोल शामिल हैं।

# धोखाधड़ी एवं चेक बाउंस से सावधान रहे छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पलारी



शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में शुक्रवार को को वित्तीय दिवस पर बैंक से हो रही धोखाधड़ी एवं चेक बाउंस के बारे में बताया गया। विधिक साक्षरता के अन्तर्गत मोबाइल से हो रही आनलाइन फ्राड एवं साइबर क्राइम के माध्यम से लड़कियों एवं महिलाओं को सावधान रहने बताया।साथ ही पॉक्सो एक्ट एवं मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्यों के बारे में जिला बलौदाबाजार से सुश्री अमिता जायसवाल व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला बलौदाबाजार द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एएन जलहरे, सुश्री ईशाज्ञा मेश्राम, बिरेन्द्र कुमार, अतिथि व्याख्याता में डॉ. कंचन गिलहरे, सोनम यादव, दीप्ति वर्मा, प्रियंका वर्मा, त्रैयम्बिका साहू, एकलव्य सिदार, केआर पटेल, देवनरेश, डेविड सिंह डहरिया, रूपलाल देवांगन, असमन कुमार बांसरे एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# स्वामी आत्मानंद का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रवान



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

परीक्षा परिणाम के घोषणा पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष चित्ररेखा साहू, सदस्य गंगाराम यदु सेवानृवित शिक्षक, चिंतामणि साहू व प्राचार्य खूबचंद सरसिंहा द्वारा उच्च मेधावी छात्र-छात्रों को अंकसूची व प्रमाण पत्र मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा। कक्षा पहली में लावण्या वर्मा प्रथम, लवली द्वितीय, मानवी वर्मा तृतीय, कक्षा 2 में पायल ध्रुव, वेदांश वर्मा प्रथम, हिमांशी ध्रुव द्वितीय, आलिमा निर्मलकर तृतीय, कक्षा 3 में रोशन कुमार साहू, साक्षी साहू प्रथम सौर्य नेताम द्वितीय व ज्योतिष पाल तृतीय कक्षा 4 में पल्लवी साहू प्रथम, प्रिया भारतद्वाज द्वितीय, आदिरा साहू तृतीय कक्षा 6 में यश कुमार वर्मा प्रथम, दीपांशु कुशवाहा द्वितीय, भूमिका वर्मा तृतीय कक्षा 7 में रुचि साहू प्रथम, आस्था ध्रुव द्वितीय, मोहित साहू तृतीय, कक्षा 9 में भावना साहू ने प्रथम, नीलिमा ध्रुव द्वितीय व चंचल साहू तृतीय स्थान को प्राप्त किया।

इस प्रकार से इंग्लिश मीडियम आत्मानंद विद्यालय अर्जुनी का प्रतिशत शत प्रतिशत रहा। छात्रों के सफलता पर प्राचार्य सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक अर्जुनलाल कश्यप, अवधेश वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, जसवंत वर्मा, मुकेश वर्मा, अंग्रेजी माध्यम के टी.वनिता, निहारिका मिश्रा, प्रियंका मिर्झा, नूतन सिन्हा, अर्पण तिर्की, मंजुला कुम्भकार, दिलीप नामदेव, दिनेश कुर्रे, नरेंद्र शर्मा, अजय नेपेनियन, वेदपाल, अभिनयक वर्मा, युक्ति चन्द्राकर, निशि मानिकपुरी, आकांक्षा यादव, नेहा ठाकुर, अनुराग जांगड़े, दलजीत कौर, अकांश भारती, आकाशदीप साहू शिक्षक शिक्षिका ने शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## पेज 03 के शेष

### वन नेशन वन...

था। इसी कमेटी ने 14 मार्च को देश की राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। वहीं अब इस बिल को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दी गई। इसके बाद अब इसे संसद में पेश किया जायेगा। संसद में अगर सभी राजनीतिक पार्टियों का समर्थन मिलता है। फिर इसके पास होने के बाद एक समय पर चुनाव कराये जायेंगे। इससे अलग-अलग चरणों में होने वाले चुनाव पर खर्च होने वाले पैसों की बचत होगीं। साथ ही मैन पावर का भी सही इस्तेमाल हो सकेगा। शिक्षाविद एसएम पाध्ये ने बताया कि एक देश एक चुनाव बिल के लिए बनायी गयी कमेटी में आठ सदस्य थे। इसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे, गृहमंत्री अमित शाह, अधीरंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद सहित तीन बड़े अधिकारी शामिल थे। आठ सदस्यों के इसी कमेटी ने इस बिल के बारे में अपने सुझाव भी दिये थे, इसके अलावा कई राजनीतिक दलों ने इस चुनाव का समर्थन किया था। अधीवक्ता भुपेन्द्र सिंह ठाकुर ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है और यह एक मजबुत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कारक साबित होगा। उन्होंने कहा किसी भी बड़े राष्ट्रीय निर्णय को अंजाम तक ले जाने के लिए नीति, योजना, रणनीति और सबसे महत्वपूर्ण जनभागीदारी जरूरी हैं।

### सुशासन और विकास...

रवि वर्मा, संकेश शुक्ला, जितेन्द्र माहले, उमेश बाजपेयी, राजकुमार सेन, सिंधी समाज से आये राम पंजवानी, रजनी केसरवानी, अनिल गुप्ता, कीर्ति गोस्वामी, राहुल सोनी, नेतराम साहू, मनोज कांत पुरेना, गौतम चौहान, अमितेश नेताम, कन्हैया सेन, मंजु फेकर, हरजीत सिंह सलुजा, संतोष पटेल, महेन्द्र साहू, सतीश पटेल, हरीश सेन, हेमन्त टिकरिया, द्वारिका वर्मा, पीयुष मिश्रा, सुशील सराफ सहित बड़ी संख्या में इस आयोजन में नगर सहित विधानसभा क्षेत्र से गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### पेयजल समस्या...

से यह कार्य संभव हो पाया है। मरम्मत कार्य में गांव के युवा बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और सामूहिक प्रयासों से तकनीकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्य में ग्रामीणों की एकता और सहयोग भावना देखने लायक है। स्थानीय निवासी पंच प्रतिनिधि कुमार ने बताया कि यह पहल सराहनीय है और इससे गांव के सैकड़ों लोगों को राहत मिलेगी।

### आयुष्मान भारत योजना...


**बुजुर्गों को घर बैठे लाभ :** इस पहल के तहत स्वास्थ्य कर्मी वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर उनका पंजीकरण कर रहे हैं और आयुष्मान कार्ड प्रदान कर रहे हैं, जिससे उन्हें अस्पतालों में जाकर लंबी कतारों में लगने और जटिल कागजी प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता नहीं रह जाती।

**5 लाख तक का मुफ्त इलाज :** आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाभार्थी वर्ष में 5 लाख तक का मुफ्त इलाज देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है, जो अक्सर महंगे इलाज के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं।

**स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका :** अभियान में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, स्वास्थ्य कर्मी और अन्य सहयोगी कर्मचारी घर–घर जाकर सेवा प्रदान कर रहे हैं। उनका प्रयास यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक इस योजना से वंचित न रह जाए।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक, कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### सर्व महिला ब्राह्मण समाज की ऋचा अध्यक्ष व श्रद्धा सचिव बनीं

**बलौदाबाजार।** जिले में सर्व ब्राह्मण महिला विंग की बैठक हुई। इसमें सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला की अनुशंसा पर महिलाओं ने निर्विरोध अपने पदाधिकारी का चुनाव किया, जिसमें सर्वसम्मति से ऋचा द्विवेदी को अध्यक्ष के रूप में चुना गया। उपाध्यक्ष सरस्वती तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अलका शर्मा, सचिव श्रद्धा दुबे, सह सचिव सुष्मिता शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रभा तिवारी, मुख्य सलाहकार डॉ. मृदुला शुक्ला, आरती दुबे, संरक्षिका डॉ. निशा झा, मंजू मिश्रा, कमला तिवारी, शैलजा मिश्रा, मनीष शुक्ला, सांस्कृतिक प्रभारी दीप्ति त्रिवेदी, स्वाति पांडे, नेहा वाजपेई, ममता शर्मा, सपना पांडे, मीडिया प्रभारी कीर्ति शर्मा, करुणा दुबे, पूनम शर्मा, युक्ति बाजपेई, कार्यकारिणी सदस्य रजनी वाजपेयी, अनुभव वाजपेयी, अर्चना त्रिवेदी, बबली दुबे, गीता मिश्रा, गुड्डन तिवारी, कल्पना मिश्रा, कमला दुबे, ममता शर्मा, ममता शुक्ला, मनीषा वाजपेयी, मनोरमा वाजपेयी, नम्रता शुक्ला, रानी वाजपेय, रीता बाजपेई, शशि शुक्ला, स्वाति मिश्रा, सुनीता मिश्रा, तारा बाजपेयी, आशा मिश्रा, अमित शर्मा, अंजना शर्मा, श्रद्धा शर्मा, उमा शर्मा, तुलसी तिवारी, पूनम तिवारी, प्रतिमा तिवारी, रेखा शर्मा, प्रिया शुक्ला उपस्थित थीं।

### सुशासन आवेदन पर अमल के लिए हुई बैठक



**सिमगा।** जनपद पंचायत सिमगा के सभागार में सीईओ अमित दुबे ने जनपद पंचायत के पदाधिकारियों, सदस्यों, सरपंचों, सचिवों व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत की। उन्होंने सुशासन तिहार के बारे में सभी को जानकारी देते हुए संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवश्यक चर्चा की। ज्ञात हो कि भाजपा सरकार प्रदेश में सुशासन तिहार मना रही है। ग्रामीण जनता पंचायतों के माध्यम से अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए हैं। विभाग को प्राप्त आवेदनों पर विधिवत कार्रवाई किए जाने के संबंध में यह बैठक आयोजित की गई। उक्त अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे सहित सरपंच, सचिव, पंचायत जनप्रतिनिधिगण आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

### 987 किलो गांजा जलाकर किया नष्ट

**रायपुर।** एनडीपीएस एक्ट के तहत 47 मामलों में जब्त 987.453 किला गांजा बुधवार सिलतरा स्थित औद्योगिक प्लांट में जलाया गया है। गांजा नष्टीकरण की कार्रवाई पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह, एएसपी कीर्तन राठौर, उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा तथा सदस्यों की उपस्थिति में की गई।

**श्रद्धांजलि : मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि और की आलोचना**

# पहलगाम हमले का विरोध, भाजपा ने निकाली रैली और पाकिस्तान के खिलाफ की नारे बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना में मारे गए निर्दोष भारतीयों को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि दी। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम के घाटी में भीषण आतंकी हमला हुआ, जिसमें लगभग 28 भारतीय पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना में लगभग 25 से भी ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है।

इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर पाकिस्तान के खिलाफ जमकर रोस प्रकट करते दिखे तथा पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ नगर के चौक चौराहों पर भाजपा कार्यकर्ता निकलकर बड़ी संख्या में भारत माता जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। सरकार से आतंकवादियों एवं पाकिस्तान पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई करने की मांग कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। इस घटना में मारे गए निर्दोष भारतीयों को नगर के आंबेडकर चौक में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद थे। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जिनमें नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, जिला महामंत्री कृष्ण अवस्थी, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, जिला उपाध्यक्ष नरेश केसरवानी, नीलम सोनी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. अजय राव, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## एबीवीपी पलारी इकाई ने की पहलगाम आतंकवादी हमले की नींदा



**पलारी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पलारी एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा यह हमला न केवल नागरिकों निर्दोष पर किया गया एक अमानवीय आक्रमण था, बल्कि मानवता की नृशंस हत्या का कृत्य भी थी।

एबीवीपी नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने कहा कि निर्दोषों के विरुद्ध ऐसी हिंसा सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात है। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। सभी राजनीतिक दलों और सभी सामाजिक संगठनों को अपनी भिन्नताओं से ऊपर उठकर इस आतंकवादी कृत्य के विरुद्ध एकजुट होना चाहिए।

### एबीवीपी ऐसी घटना की निंदा करती है

नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने कहा मजहब के नाम पर इस प्रकार की हत्याएं मानवता के इतिहास पर कलंक बताया। मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। विदित हो कि, एबीवीपी सदैव राष्ट्रहित और छात्रहित का मुद्दा उठाने वाला छात्र संगठन है

## आतंकी हमला देश की एकता और अखंडता को झकझोर करने वाला : इंद्र साव

**भाटापारा।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों की स्मृति में जय स्तम्भ चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर शोक व्यक्त किया गया। इस शोक सभा में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव सहित कांग्रेसजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिक उपस्थित थे। इस

- पहलगाम के आतंकी हमले में मृत सैलानियों को दी गई श्रद्धांजलि

दौरान उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर व दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

विधायक इन्द्र साव ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा,कि देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने वाले ऐसे कृत्य कभी सफल नहीं होंगे। हम सभी देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा। पहलगाम में 26 हिंदु नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए श्री साव ने कहा कि जिस तरह से पहलगाम में सैलानियों की शारीरिक शिनाख्त करते हुए तथा उन्हें कलमां पढवा कर गोली मारी गई, उससे लगता है कि हिंदुस्तान में हिंदू होना अपराध हो गया है।



आतंकवादियों द्वारा हमारे नागरिकों, सेनानियों पर निशाना बनाया जाना इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेष पूर्ण हो गई है। विधायक साव ने कहा कि

भारत की प्रगति और लोकतांत्रिक मजबूती को आतंकी सहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह हमला केवल आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य शक्ति एवं चेतना की परीक्षा है और यह देश की संप्रभुता पर हमला है। इसका जवाब इतना कठोर और निर्णायक होना चाहिए कि कोई भी आतंकी संगठन देश,भारत की ओर आंख उठाकर भी देखने का साहस न कर सके। शोक सभा में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल, आलोक मिशा, अरुण यादव, बसंत भृगु, गौरी भृगु, दिवाकर मिश्रा, सुरेंद्र यदु, मुकेश हेंवार, प्रमीला साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी, महेंद्र साहू, संतोष सोनी, सत्यजीत शेंडे, संतोष अग्रवाल, नवीन बक्श, सचिन शर्मा, शेषनारायण यदु, हेमिन ध्रुव, सीमा रात्रे, ईश्वर सेन, निर्मला कोशले, दानी भाट, पूर्णिमा श्रीवास, दशमत बाई, कृष्णा टण्डन, कुमारी जांगड़े सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रवान के निर्वाचित पंच-सरपंच ने पदभार ग्रहण किया



**रवान।** ग्राम पंचायत रवान में नव–निर्वाचित सरपंच, पंच, महिला सरपंच निकिता अक्षय भारती ने पदभार ग्रहण किया। यह ग्राम पंचायत के इतिहास में पहली बार है जब एक महिला सरपंच, वह भी देवार समाज से पूर्ण बहुमत से चुनी गई हैं। कार्यक्रम में निवर्तमान जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंचगणों का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकार विभिन्न समाजों के प्रमुखों एवं संस्थाओं के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। ग्राम पंचायत रवान के सचिव पहलाद ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी नव–निर्वाचित सरपंच ने स्वागत भाषण में मतदाताओं व ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि पंचायत की जिम्मेदारी उन्हें सौंपना बड़े गर्व की बात है और वे गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि शंकर वर्मा, जनपद सदस्य शीतल घनश्याम वर्मा, सरपंच निकिता अक्षय भारती, उप सरपंच रोहित वर्मा, मीडिया प्रभारी तामेशवर साहू, सचिव पहलाद श्रीवास, रोजगार सहायिका मनीषा ध्रुव उपस्थित थे। इस दौरान पंच राकेश्वरी साहू, टिकेश्वरी वर्मा, रुकेश निषाद, मुकेश साहू, धनेश्वर साहू, रूबी वर्मा, उमा साहू, हेमलता निषाद, उसा ध्रुव, सीमा वर्मा, रोहित वर्मा, भुवनेश्वरी लहरी, टिकेश्वर वर्मा, गणेशी सोनी, सोनू साहू, शुभम वर्मा, एम कुमारी थापा, राधा चौबे, रमा वर्मा, गांव के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## क्षेत्र में तीन आबां केंद्र खोलने मिली मंजूरी

**सुहेला।** क्षेत्र के ग्राम मटिया, डिग्गी और बड़े जरोद में तीन नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की अनुशंसा पर मिली है, जिस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

भाजपा सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा कि मंत्री टंकराम वर्मा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति भी उन्हीं के प्रयासों का परिणाम है।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल डिग्गी, जनपद सदस्य सत्या जोगी, सरपंच ज्ञान सिंह पाल, अनिता निषाद, सीमा बंजारे, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, करण वर्मा, दिनेश चवरे, झाला राम वर्मा, हरिशंकर वर्मा, महिष जांगड़े, सुनील वर्मा, सुखनंदन नायक, युगल किशोर वर्मा, मन्नू निषाद, महेंद्र साहू और अश्वन साहू सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री के प्रति आभार जताया।

## मधु किरण बनीं डॉक्टर



**लवन।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक राघो राम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अमल कुंडा एवं माता राजकुमारी साहू प्रधानपाठिका शासकीय प्राथमिक शाला मिश्राइनडीह की पुत्री मधु किरण साहू एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर डॉक्टर बनीं। नगरवासियों ने मधु किरन साहू के डॉक्टर बनने पर बधाई दी। मधु किरण की प्रारंभिक शिक्षा लवन के ही संत थॉमस स्कूल एवं सेक्रेट हार्ट स्कूल के बाद जवाहर नवोदय विद्यालय रायपुर से की। इसके बाद उन्होंने एमबीबीएस की डिग्री पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय रायपुर से डिग्री हासिल की है। इनके डॉक्टर बनने पर परिवार के दादा पंचराम साहू, नरेंद्र कुमार साहू, टेक राज साहू, मधुकर साहू, तेज मित्र साहू, कैलाश साहू, पंकज साहू, ओम प्रकाश साहू ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी।

## विहिप की जिला कार्यकारिणी बैठक में सदस्यों को सौंपे गए नए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के श्री महावीर देव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें बलौदाबाजार, पलारी, कसडोल, सिमगा, भाटापारा प्रखंडों से जिले एवं प्रखंड के दायित्ववान कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रान्त संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया, प्रान्त उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन, प्रान्त सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, प्रान्त गौसेवा सुशील भुषानिया, प्रान्त सह संयोजिका भारती ठाकुर, रायपुर विभाग संगठन मंत्री ओमप्रकाश सैनी, विभाग समरसता प्रमुख राजेश साहू उपस्थित रहे। कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए प्रान्त संगठन मंत्री ने संगठन की कार्यप्रणाली, बैठक योजना के विषय में विस्तार से बताया। साथ ही संगठन की आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक में रामोत्सव हिन्दू नववर्ष से हनुमान जन्मोत्सव में विभिन्न ग्रामों नगरों में हुए कार्यक्रम के आयोजन का विवरण जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने दिया।



जिला बलौदाबाजार भाटापारा के नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं की घोषणा भी प्रान्त संगठन मंत्री द्वारा की गई, जिसमें पुनः जिला अध्यक्ष का दायित्व अभिषेक तिवारी को दिया गया।

इसी के साथ दरचुरा निवासी रामकुमार साहू को जिला मंत्री, कौड़िया निवासी बिसौहा राम वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, भाटापारा निवासी अंजली जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष महिला, शिव प्रकाश तिवारी को जिला कोषाध्यक्ष, लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल सेवा प्रमुख, रवान निवासी शशिकांत साहू को सहसेवा प्रमुख, निशांत श्रीवास्तव को समरसता प्रमुख, विनय गुप्ता को धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख, धर्माचार्य पं. पंकज शुक्ल को हरौद सत्संग प्रमुख, नीलकंठ यदु बैकोनी को बजरंगदल जिला संयोजक, बनसंकरा निवासी केवल साहू, विजय साहू लवन एवं दीपक साहू फुलवारी को जिला सह संयोजक, रवि यादव को नगर संयोजक से जिला बलोपासना (अखाड़ा) प्रमुख, गौरक्षा प्रमुख हेमन्त साहू टुंड्रा का नियोजन किया गया। जिले के साथ–साथ विभाग में भी नया नियोजन किया गया है, जिसमें राजेश केशरवानी को बलौदाबाजार भाटापारा जिला मंत्री से रायपुर विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी में युवाओं को दिया जा रहा नि:शुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा भारत माता सैनिक फिजिकल एकेडमी नि:शुल्क प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में शामिल युवाओं में अब तक 4 सब–इंस्पेक्टर, 4 अग्निवीर एवं 80 फारेस्ट गार्ड एवं कंस्टेबल चयनित हुए हैं।

भाटापारा के रावणभाठा दशहरा मैदान में संचालित यह प्रशिक्षण केंद्र जिले का एक मात्र नि:शुल्क फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर है, जहां पूर्व सैनिकों द्वारा अग्निवीर, नेवी, एयर फोर्स, पुलिस, एसएससी और रेलवे में भर्ती के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। कलेक्टर दीपक सोनी से एकेडमी के संरक्षक सूबेदार सुनील कुमार वर्मा एवं जिला अध्यक्ष सुनील तिवारी ने गुरुवार को मुलाकात कर मोमेंटो भेंट किया और केंद्र के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कलेक्टर सोनी ने एकेडमी को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संरक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लम्बे समय से पूर्व सैनिकों द्वारा पुलिस, फारेस्ट गार्ड, अग्निवीर भर्ती के लिए फिजिकल ट्रेनिंग दी जाती है। एकेडमी में ट्रेनिंग सामग्री की कमी थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने एकेडमी को ट्रेनिंग सामग्री व हाई जम्प मेट दिलवाया। एकेडमी में ट्रेनिंग लेने आस–पास के जिले से भी अभ्यर्थी आते है।



